**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 12 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार सुधार के जरिए युवाओं के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करके उनकी जिज्ञासा और दृढ़ विश्वास को समर्थन दे रही है। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले के दौरान नवाचारियों के साथ बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि देश के समक्ष आई चुनौतियों पर काबू पाने के उपाय तलाशने की दिशा में आज के युवा स्वामित्व की भावना विकसित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व का भविष्य ज्ञान और नवाचार से संचालित होने जा रहा है। बदलती परिस्थितियों में भारत के युवा इसकी आशा और आकांक्षा हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार युवाओं के करियर के हर चरण पर उनके साथ है। सातवां स्मार्ट इंडिया हैकथॉन कल पूरे राष्ट्र में एकसाथ 51 केन्द्रों पर शुरू हुआ।

*****************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रसिद्ध फिल्मकार राजकपूर की 14 दिसम्बर को 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके जीवन और विरासत को याद करने के लिए आयोजित किए जा रहे फिल्म समारोह से पहले कल नई दिल्ली में उनके परिवार से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने देश के लिए राजकपूर के योगदान की सराहना की।यह समारोह 13 से 15 दिसंबर के बीच चालीस शहरों में आयोजित किया जायेगा, जिसमें राजकपूर की प्रसिद्ध फिल्में दिखाई जायेंगी।

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आज हरियाणा देश व विदेश के निवेशकों की पहली पसंद बन गया है। रिफॉर्म, परफॉर्म व ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर

चलते हुए हरियाणा ने जो विकास किया है, वह हर क्षेत्र में नजर आ रहा है। वह कल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में विदेश सहयोग विभाग द्वारा आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा विकास व जन कल्याण में अग्रणी बना है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 11.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रति व्यक्ति आय 3 लाख 25 हजार 759 रुपए तक पहुंच गई है। उन्होंने निवेशकों को दी जा रही सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आने वाले समय में कुरुक्षेत्र व करनाल के बीच भी एक हवाई अड्डे का निर्माण किया जाएगा।

*****************************************************************

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के सहयोगी देश तंजानिया की पर्यटन मंत्री पिंडी हजारा चाना ने कहा कि हरियाणा सरकार ने इस महोत्सव का आयोजन करके एक सराहनीय काम किया है। इन प्रयासों ने न केवल भारतीय संस्कृति को बढ़ावा दिया है बल्कि हरियाणा राज्य को आध्यात्मिक पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर प्रमुख स्थान भी दिलाया है।कल गीता जयंती पर कुरुक्षेत्र में तंजानिया की पर्यटन मंत्री ने कहा कि धर्म और मानवता की सेवा में गीता जीवन के हर पहलू में मुख्य मार्गदर्शक है।उन्होंने कहा कि भारत के मंदिर और तीर्थ दुनियाभर में भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का प्रतिनिधित्व करते हैं।उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र एक पवित्र स्थान है। पौराणिक कथाओं में इस भूमि को सर्वश्रेष्ठ तीर्थों में माना गया है।

*****************************************************************

हरियाणा की सिंचाई एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने आज 68वीं राष्ट्रीय स्तरीय स्कूली कबड्डी प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता में 19 आयु वर्ग में लडक़ों में हरियाणा की टीम ने 46 के मुकाबले 66 अंक प्राप्त कर दिल्ली की टीम को 20 अंकों से हराया। लडक़ों में तीसरे स्थान पर नवोदय विद्यालय समिति की टीम रही। वही लड़कियों में अंतिम मुकबाला हरियाणा व पंजाब के बीच रहा, जिसमें हरियाणा की टीम 41 अंक प्राप्त

कर विजेता बना। वही पंजाब की टीम ने 23 अंक प्राप्त किए। वही लड़कियों की टीम में तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र की टीम रही।

****************************************************************

बल्लभगढ़ से विधायक मूलचंद शर्मा ने कल बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में करीब एक करोड़ 75 लाख रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ करवाया। जिसमें ऊंचा गांव के तालाब के सौंदर्यकरण और उमराव कॉलोनी की पांच गलियों का शामिल है। मंत्री ने कहा कि ऊंचा गांव के तालाब का सौंदर्यकरण लगभग एक करोड़40 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। तालाब के चारों ओर फुटपाथ भी बनाए जाएंगे।

****************************************************************

हरियाणा के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न श्रेणियों के पात्र उपभोक्ताओं से राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए 13 दिसंबर तक आवेदन मांगे गए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पुरस्कार में दो लाख रुपये तक दिए जाएंगे।

राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार औद्योगिक, वाणिज्यिक, राजकीय, संस्थागत, समूह आवासीय भवनों द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने तथा तकनीक व ऊर्जा दक्षता का उचित प्रयोग करने वाली संस्थाओं को दिया जाता है। ऊर्जा संरक्षण में अनुसंधान और नवाचार, ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट से ऊर्जा निर्माण क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र और कुशल प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में श्रेष्ठ कार्य करने वाली संस्थाएं भी राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकती हैं। अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।